जागरण

गोदाम में चल रहा था ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली माल बेचने का खेल

Publish Date:Wed, 13 Jun 2018 09:27 PM (IST)

पदमा (हजारीबाग) : पदमा पुलिस ने ओपी क्षेत्र के अडार गांव के किनारे हथियाटांड़ में एक किराए के मकान में चल रहे गोदाम से भारी मात्रा में कई बड़ी कंपनियों का नकली उत्पाद बरामद किया है। बरामद सामान में कोलगेट टूथपेस्ट समेत कई कंपनियों के हेयर ऑयल शामिल हैं। पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति बहादुर ¨सह पिता स्व. सुरेंद्र ¨सह को गिरफ्तार किया है। वह मूल रूप से पश्चिम बंगाल का निवासी है। मौके से गिरफ्तार बहादुर सिंह ने पुलिस को बताया कि उसे एक अपरिचित व्यक्ति ने बतौर मजदूर गोदाम में सामान पैकेट में भरने के लिए पिछले सप्ताह ही नियुक्त किया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि यहां छह माह से यह कारोबार चल रहा था।

कंपनियों को दिल्ली में मिली शिकायत व सूचना के बाद पदमा पुलिस ने मंगलवार रात गोदाम में छापेमारी कर यह बरामदगी की है। छापेमारी में गोदाम से कोलगेट कंपनी के स्टीकर लगे 50 ग्राम के 3790 भरे ट्यूब, जार में रखा 50 किलो नकली कोलगेट टूथपेस्ट, टाटी टी गोल्ड ब्रांड के चायपत्ती के 3211 भरे पैकेट, बजाज अलमंड हेयर ऑयल के 200 एमएल के 522 भरे पैकेट, और 50 ग्राम के 2442 पैकेट, बोतल में चिपकाने के लिए 3750 रैपर, डाबर आंवला हेयर ऑयल के 100 मिली ग्राम के 2359 भरे पैकेट, डाबर आंवला हेयर ऑयल के 100 एमएल की बोतल में चिपकाने के लिए रैपर व हिमालया कंपनी का एंटी हेयर फॉल ऑयल, निहार नारियल तेल, हिट सी¨लग मशीन, मेडिको व अन्य कंपनियों के नाम के नकली उत्पाद जब्त किए गए हैं।

पुलिस को दिल्ली से मिली थी सूचना

डाबर इंडिया लिमिटेड, हिमालया ड्रग, टाटा ग्लोबल बीवरेज आदि कंपनियों की सुरक्षा व अनुसंधान के लिए अधिकृत सीनियर आइपीआर ऑफिसर दिलीप कुमार ¨सह ने पदमा पुलिस को दिल्ली से यह सूचना दी थी की पदमा में विभिन्न बड़ी कंपनियों के नाम पर नकली सामान की पैकिंग कर बाजार में बेचा जा रहा है। ओपी प्रभारी ने बताया कि पंकज कुमार दास ने बताया कि अनुसंधान जारी है। जांच के बाद बड़े गिरोह का खुलासा हो सकता है।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/hazaribagh-illigal-packaging-of-fake-goods-caught-in-police-raid-in-hazaribagh-18077419.html